हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 30 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 साढे सात करोड़ की सड़क में गुणवत्ता नहीं नाली की व्यवस्था ना...



08 महाकवि कालिदास समारोह में बाल कलाकारों ने दी मनमोहक...



खबर संक्षेप

20 लीटर कच्ची शराब जब्त, 04 प्रकरण दर्ज

नर्मदापुरम। सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। वृत्त नर्मदापुरम-ब की टीम ने ग्राम बुधवाड़ा एवं माखन नगर व आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी। कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 4 प्रकरण कायम किए गए। टीम ने 20 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा, 330 किलोग्राम लहान एवं 3.6 बल्क लीटर देशी मदिरा जब्त की। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 38,500 रुपये आंकी गई है।

NSS ने किया 'सेवा की कहानी' नाटक का मंचन

नर्मदापुरम। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत सेवा की कहानी विषय पर नाटक की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) द्वारा इस नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दिवाकर एवं साहिल तिलोटिया के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने सेवा के महत्व पर आधारित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

स्कूल में हाजिरी, फिर तहसील कार्यालय में ड्यूटी, उठ रहे अनेक सवाल

प्राचार्य ने ड्यूटी नहीं लगाने का किया था आग्रह तहसीलदार बोले... हमारे यहां कोई अटैच नही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एसएनजी स्कूल में एक मात्र पदस्थ व्याख्याता की ड्यूटी को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। जबकि प्रशासन का कहना है कि उन्हें अटैच नहीं किया है

एसएनजी स्कूल में पदस्थ व्याख्याता अमित श्रीवास्तव की पंचायत उपचुनाव के दौरान रसूलिया स्थित तहसील कार्यालय में ड्यूटी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले दो-तीन दिनों से वे तहसील कार्यालय में उपचुनाव संबंधी कार्य करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान उनके कार्य करने के फोटो भी सामने आने की बात कही जा रही है। खास बात यह है कि एसएनजी स्कूल के प्राचार्य संदीप शुक्ला ने जिला शिक्षा विभाग एवं प्रशासन को पत्र लिखकर स्पष्ट रूप से बताया था कि स्कूल में भूगोल विषय के केवल एक ही व्याख्याता हैं, इसलिए उन्हें अन्य शासकीय कार्य में ड्यूटी पर नहीं लगाया जाए। इसके बावजूद अमित श्रीवास्तव के तहसील कार्यालय में पहुंचकर चुनाव संबंधी कार्य करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर उन्हें किस आदेश अथवा किस अधिकारी के निर्देश पर वहां भेजा गया। वहीं दूसरी ओर तहसीलदार का कहना है कि उनके कार्यालय में कोई भी कर्मचारी या शिक्षक अटैच नहीं है।



शिक्षक ऐप की हाजिरी के बाद तहसील कार्यालय पहुंचने का दावा

मामले में यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि व्याख्याता सुबह एसएनजी स्कूल पहुंचकर शिक्षक ऐप पर करीब 10:45 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं और इसके बाद रसूलिया तहसील कार्यालय पहुंचकर पंचायत उपचुनाव से संबंधित कार्य करते हैं। सवाल यह है कि यदि वे स्कूल में ही पदस्थ हैं तो विद्यालयीन समय में उनकी उपस्थिति और कार्यस्थल क्या दर्ज किया जा रहा है।

कार्यालय कार्य कौन कर रहा है

शासन द्वारा कर्मचारियों और शिक्षकों के अटैचमेंट को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं कि अटैचमेंट ना किया जाए ऐसे में इस मामले में स्कूल प्रबंध और तहसील प्रशासन के कथनों के बीच स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। यदि तहसीलदार के अनुसार कोई शिक्षक उनके कार्यालय में अटैच नहीं है तो फिर अमित श्रीवास्तव तहसील कार्यालय में चुनाव हाल ही में पंचायत के उपचुनाव संबंधी कार्य किस हैसियत से कर रहे थे। शिक्षक की उपस्थिति तहसील कार्यालय उनकी मौजूदगी चुनाव कार्य संबंधी आदेश तथा ड्यूटी लगाई जाने वाले अधिकारी की भूमिका की भी जांच की जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। फिलहाल संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा कुछ भी कहने से बच रहे हैं। बता दें कि उक्त व्याख्याता की मोबाइल की लोकेशन जहां उन्होंने हाल ही में सरपंच की उपचुनाव में तहसील रसूलिया में कार्य किया है।

शिक्षक ऐप पर शाम को लॉक आउट की व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट करने की मांग

शिक्षक शिक्षक ऐप पर शाम को लॉगआउट की व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट करने की भी मांग की जा रही है। इस संबंध में प्राचार्य एस एन जी स्कूल नर्मदा पुरम संदीप शुक्ला का कहना था कि अटैचमेंट नहीं किया गया है। स्कूल में शिक्षक पढ़ा रहे हैं। उनके बुलावा आया था, लेकिन वह गए नहीं, उनके द्वारा स्कूल में पढ़ाया जा रहा है।

इटारसी में स्टेशन रोड पर मजदूर की चाकू मारकर हत्या

सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के व्यस्त स्टेशन रोड पर सोमवार सुबह गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा के सामने एक 35 वर्षीय मजदूर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात गुरुद्वारे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने मामले में दो युवकों को अभिरक्षा में लिया है। मृतक की पहचान ग्राम बेला बड़ा रामपुर निवासी विक्रम मेहरा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार विक्रम सुबह करीब 7:30 बजे काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। बाद में पुलिस के माध्यम से उसकी मौत की सूचना परिजनों को मिली। विक्रम परिवार का मुख्य कमाने वाला था और उसके दो बच्चे हैं। एसडीओपी वीरेंद्र कुमार के अनुसार विक्रम की आरोपियों से पहले से पहचान थी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक तीनों स्टेशन की ओर गए थे और बाद में साथ लौटे। शराब पीने के पैसों को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। इसी दौरान गुलशन नामक युवक ने विक्रम पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के दो वार जांघ और पेट पर लगे। इसके बाद गुलशन और उसका साथी सनी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल विक्रम को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी के मुताबिक दोनों आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



एसआईआर के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

नर्मदापुरम। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को मीनाक्षी चौक पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने **SIR** प्रक्रिया में कथित पक्षपात का आरोप लगाते हुए इसे पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम किसी भी स्थिति में मनमाने ढंग से नहीं हटाए जाने चाहिए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे ने कहा कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। इस दौरान जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनसुनवाई में 131 आवेदनों पर हुई सुनवाई प्रकरणों का मौके पर किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम रायपुर निवासी पूजा चौरे ने राशन कार्ड एवं पात्रता पर्ची बनाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में नर्मदापुरम निवासी माया राजपूत ने अपनी दिव्यांग पुत्री के लिए मुख्यमंत्री निशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया।



आंगन मिलन सेवा में बांटी शैक्षणिक सामग्री

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम की ओर से मालाखेड़ी स्थित आँगनबाड़ी केंद्र में 'आँगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कालेज के प्राध्यापकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बच्चों को कापी, पेंसिल, रबर, कटर, बिस्किट एवं केले वितरित किए। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र, कार्यक्रम अधिकारी एवं एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. संतोष अहिरवार, डॉ. सुनील दिवाकर तथा राजीव द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

पंचायत उपचुनाव: सिवनी मालवा जनपद में 74.16 प्रतिशत और नर्मदापुरम जनपद में 70.46 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पंचायत उप निर्वाचन (पूर्वार्ध) 2026 के अंतर्गत जिले की जनपद पंचायत नर्मदापुरम एवं सिवनी मालवा में विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए मतदान शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान संबंधित मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया।

जनपद पंचायत सिवनी मालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत फरीदपुर खुर्द के मतदान केंद्र क्रमांक 223 पर कुल 536 मतदाताओं में से 405 मतदाताओं ने मतदान किया। यहां मतदान का प्रतिशत 75.56 रहा। वहीं मतदान केंद्र क्रमांक 224 अमलाड़ा खुर्द में कुल 505 मतदाताओं में से 367 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसका प्रतिशत 72.67 रहा। दोनों मतदान केंद्रों पर कुल 772 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार जनपद पंचायत सिवनी मालवा के इन दोनों मतदान केंद्रों पर कुल 74.16 प्रतिशत मतदान हुआ।

जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत ग्राम पंचायत सांवलखेड़ा एवं मिसरोद में भी पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत सांवलखेड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक 145 पर कुल 449 मतदाताओं में से 250 मतदाताओं ने मतदान किया। यहां मतदान प्रतिशत 55.68 रहा। मतदान केंद्र क्रमांक 146 पर कुल 535 मतदाताओं में से 338 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसका प्रतिशत 63.18 रहा। मतदान केंद्र क्रमांक 147 पर कुल 291 मतदाताओं में से 163 मतदाताओं ने मतदान किया और मतदान प्रतिशत 56.01 रहा।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत मिसरोद के मतदान केंद्र क्रमांक 151 पर कुल 757 मतदाताओं में से 609 मतदाताओं ने मतदान किया। यहां मतदान प्रतिशत 80.45 रहा।



बच्चों को बांटे उपहार, सामाजिक कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

आंगनवाड़ी पहुंचे विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, 'एक आंगन' कार्यक्रम में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित 'एक आंगन' कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर तथा पार्षद मंजीत कलोसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, संस्कार और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन की योजनाओं के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों को सुविधायुक्त बनाने तथा बच्चों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका द्वारा हरसंभव सहयोग किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण से जुड़ी गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों की भागीदारी से सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने बताया कि इटारसी शहर के वार्ड क्रमांक 12, 13 और 14 ऐसे आदर्श वार्ड बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जहां सभी आंगनवाड़ी केंद्र अपने स्वयं के भवनों में संचालित होंगे। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की विधायक निधि से निर्मित एक आंगनवाड़ी भवन का शीघ्र लोकार्पण किया जाएगा, जबकि दो अन्य नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवनों का लोकार्पण नए वर्ष में प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें उपहार वितरित किए। विधायक डॉ. शर्मा द्वारा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय श्रीमती अंजू पटेल, श्रीमती शशि योना, सारिका ठाकुर, श्रीमती मालती मौर्य, श्रीमती सविता मालवीय तथा श्रीमती जया मीना का स्वागत एवं सम्मान किया गया। उन्होंने समाजसेवा में महिलाओं के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलती है।



जिला अस्पताल में टीएमटी और इको सुविधा हुई शुरू

नर्मदापुरम। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर 29 सितंबर को जिला अस्पताल नर्मदापुरम में हृदय रोगियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधाओं की शुरुआत की गई। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत एवं सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले के मार्गदर्शन में अब अस्पताल में वयस्कों के लिए **TMT** (ट्रेडमिल टेस्ट) और बच्चों सहित सभी के लिए इकोकार्डियोग्राफी की सुविधा उपलब्ध होगी। आरएमओ डॉ. गजेन्द्र यादव ने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से हृदय रोग के लक्षण वाले मरीजों को जांच के लिए बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। समय और पैसे दोनों की बचत होगी। **TMT** टेस्ट से चिकित्सकीय परामर्श अनुसार मरीज की हृदय की कार्यक्षमता और व्यायाम के दौरान हृदय की प्रतिक्रिया का आकलन किया जा सकेगा।

सेवा संकल्प अभियान: विद्यार्थियों ने की नर्मदा घाट की सफाई, दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में युवक रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को महाविद्यालय की गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करने के लिए महाविद्यालय के फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं यू-ट्यूब अकाउंट की आईडी की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने नर्मदा नदी के विवेकानंद घाट पर श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने घाट के आसपास उगी घास-फूस एवं झाड़ियों को हटाया। साथ ही पन्नी, पाउच, नारियल का कचरा, दोने एवं डिस्पोजल सहित अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर घाट परिसर की सफाई की।

इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार दिवाकर ने स्वयंसेवकों से कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता के साथ-साथ नदियों की स्वच्छता भी आवश्यक है। नर्मदा नदी को प्रदूषित होने से रोकना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।



गांधी जयंती कार्यक्रम में उपसचिव कोचर इटारसी नगर में आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेठ लखमीचंद गोठी धर्मशाला ट्रस्ट इटारसी द्वारा स्थापित बापू प्रवास स्मृतिकक्ष की ओर से 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर बच्चों के उज्जवल भविष्य को सही दिशा, मार्गदर्शन हेतु विशेष कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन होगा। जिसमें मार्गदर्शक के रूप में सुधीर कोचर आईएएस उपसचिव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल विशेष रूप से आमंत्रित है। इस अवसर पर गांधी जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.सीतासरन शर्मा विधायक नर्मदापुरम, पंकज चौरे अध्यक्ष नगरपालिका इटारसी , पूर्व विधायक अम्बिका प्रसाद शुक्ल प्रो.ज्ञानेंद्र पाण्डेय, प्रो.कश्मीर सिंह उप्पल की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। यह जानकारी देते हुए बापू प्रवास स्मृतिकक्ष के संचालक सुधीर गोठी ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार पहले सत्र में प्रातः 11 बजे से बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वितीय सत्र में छात्र-छात्राएं हेतु विशेष कैरियर काउंसलिंग सत्र का शुभारंभ होगा। जिसमें इटारसी के स्कूलों में अध्ययनरत 14 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। गोठी ने बताया कि बच्चों के उज्जवल भविष्य को सही दिशा देने के लिए विशेष कैरियर काउंसलिंग सत्र में विषय 'जब जिद पर आई पारवती. एक जिद एक जुनून, गौरी से गांधी तक' विषय पर मार्गदर्शक सुधीर कुमार कोचर आईएएस छात्र-छात्राओं से सीधे चर्चा करेंगे।



25 वर्षों में आदिवासी महिलाओं ने लिखी आत्मनिर्भरता की कहानी

केसला पोल्ट्री सहकारी समिति के रजत जयंती समारोह में हजारों महिला सदस्य और परिवारजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

केसला पोल्ट्री सहकारी समिति सुखतवा का रजत जयंती समारोह सोमवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में हजारों की संख्या में महिला सदस्य अपने परिवारजनों के साथ शामिल हुईं। 25 वर्षों में समिति से जुड़ी आदिवासी महिलाओं ने मुर्गीपालन के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की। कभी रेत ठेकेदारों और जंगल माफिया के शोषण का सामना करने वाले परिवार आज आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिला रहे हैं।

समिति ने इस वित्तीय वर्ष में 21,59,282 चूजों का पालन किया और 19,67,238 मुर्गियों का विक्रय किया। इनका कुल वजन 45,22,237 किलोग्राम रहा, जिससे सहकारिता को 43 करोड़ 5 लाख 65 हजार 164 रुपए की आय प्राप्त हुई। समिति की ओर से 1,273 महिला सदस्यों को 3 करोड़ 61 लाख 39 हजार 841 रुपए तथा सुपरवाइजरों को 24 लाख 53 हजार 787 रुपए वितरित किए गए।

कोरोना काल में समिति को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद समिति ने फिर मजबूती हासिल की। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी केसला पोल्ट्री समिति को सम्मानित कर चुके हैं। कीरतपुर में मुर्गी दाना फैक्ट्री और जमानी में चूजा फैक्ट्री भी समिति की गतिविधियों को मजबूती दे रही हैं।

समारोह में पूर्व कलेक्टर अरुण भट्ट आईएएस, वासुदेव सिंह भदौरिया, आशीष शर्मा, इंद्रजीत कौर, डॉ. मृदु पवन हजारिका सहित विभिन्न समितियों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अरुण भट्ट ने केसला पोल्ट्री की 25 वर्षों की यात्रा से जुड़े अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर नर्मदापुरम पत्रकार संघ इटारसी के अध्यक्ष प्रमोद पगारे सहित अरविंद शर्मा, राहुल शरण, गिरीश पटेल, भूपेंद्र विश्वकर्मा और सुरेंद्र सिंह राजपूत ने केसला पोल्ट्री समिति के संचालक मंडल का सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किए।



नालसा शिक्षा योजना अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्रीमति तृप्ति शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की उपस्थिति में 29 सितम्बर 2026 को नालसा श्रवणशिक्षा योजना 2026 के अंतर्गत श्रवण एवं वाक दिव्यांग व्यक्तियों हेतु एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। नर्मदा बधिर संस्था के अध्यक्ष श्री दीपक राय के माध्यम से श्रवण और वाक बाधित समुदाय के सदस्य, विकलांग व्यक्तियों के लिए काम करने वाली संस्थाओं के प्रतिभागीगण, सांकेतिक भाषा दुभाषी तथा अन्य हितधारक शामिल हुये। ऑनलाइन माध्यम से दिव्यांजन के लिये सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

खबर संक्षेप

16 साल की किशोरी ने खाया जहर

बैतूल। 16 साल की एक किशोरी ने जहर खा लिया, जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना भैंसदेही थाना क्षेत्र के ग्राम बर्रा साईगवार की है। सोमवार रात जब नाबालिग घर पर अकेली थी और परिवार के सदस्य काम पर गए हुए थे तब उसने जहर खा लिया था। मृतका की पहचान पूनम पिता कमल किशोर बारस्कर (16) निवासी ग्राम बर्रा साईगवार के रूप में हुई है। सोमवार रात जब परिजन काम से घर लौटे तो पूनम की हालत गंभीर मिली। वे उसे तुरंत भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार को जिला अस्पताल में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पूनम ने जहरीला पदार्थ किन परिस्थितियों में खाया, फिलहाल इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने नवील

शाहपुर। ब्लॉक के ग्राम बांकाखोदरी निवासी नवील वर्मा को मध्यप्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रदेश युवा कार्यकारिणी में प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष रामलेखन पटेल एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष तेज कुमार गौर द्वारा की गई है। नई जिम्मेदारी के तहत नवील वर्मा समाज की गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक कार्यों को मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि नवील वर्मा इससे पूर्व समाज की जिला कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर दायित्व निभा चुके हैं। साथ ही वे अपने गृह ग्राम कुंडी में ग्राम पंचायत के पंच, उपसरपंच एवं सरपंच के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। पंचायत एवं सामाजिक संगठन में उनके कार्य अनुभव को देखते हुए उन्हें प्रदेश स्तर की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पुलिस ने वाहन चोर गिरोह को पकड़ा

बैतूल। भैंसदेही पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर 21 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इन गाडिय़ों की कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। यह कार्रवाई 24 सितंबर को ग्राम उदामा निवासी पंकज बछले की होंडा साइन मोटरसाइकिल कोथलकुंड से चोरी होने के बाद शुरू हुई। भैंसदेही थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सातनेर निवासी 21 वर्षीय राधेश्याम उर्फ राधे घिडोडे को पकड़ा। पूछताछ में राधे ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर वाहन चोरी की बात कबूल की। उसकी जानकारी पर पुलिस ने सभी 21 बाइक बरामद कीं। पुलिस को उम्मीद है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद और भी चोरी की गाडय़ों का पता चल सकता है।

धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। शाहपुर थाना क्षेत्र में महिला की शिकायत पर पुलिस ने 28 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। महिला ने युवक पर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाने, निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने और पीछा करने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं और एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। 27 सितंबर को महिला ने शाहपुर थाने में शोभाराम यादव के खिलाफ शिकायत की। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी के पास मौजूद उसके निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी लगातार उसका पीछा कर रहा था। उसे बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा था।

पत्र में लिखी निर्माण की खामियां, सुधार नहीं होने पर प्रदर्शन की दी चेतावनी

साढे सात करोड़ की सड़क में गुणवत्ता नहीं नाली की व्यवस्था ना होने से पार्षद नाराज

कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से शहर के व्यस्ततम मार्ग कारगिल चौक से अखाड़ा चौक, गाडाघाट होते हुए, ओल्ड एनएच- 69 तक 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए की लागत से बन रही 2.70 किमी सडक़ निर्माण को लेकर मामला खटाई में पडते दिख रहा है। इस महत्वपूर्ण सडक की लागत और काम को देखकर नगर परिषद बैतूल के पार्षद मुखर हो गए हैं, वे सडक़ की गुणवत्ता समेत कम चौडाई और अव्यवस्थित निर्माण को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। पार्षदों ने इस सडक निर्माण कार्य में तकनीकी नियमों और सुरक्षा मानकों को दरकिनार किए जाने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत भी भाजपा पार्षद ने विभिन्न विभागो को पत्र लिखकर की है। भाजपा पार्षद श्रीमती वर्षा रमेश बारस्कर ने सडक के संबंध में एक पत्र कलेक्टर बैतूल को दिया है, जिसमें उन्होंने लिंक रोड टिकारी से कारगिल चौक सीसी रोड निर्माण कार्य में विभिन्न समस्याओं का उल्लेख किया है। जिस पर प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है। इसमें बिना बिजली पोल हटाए सडक निर्माण, स्वीकृत चौड़ाई 10 मीटर है, लेकिन बिजली विभाग की तार फेंसिंग बिना हटाए रोड निर्माण किए जाने से रोड की चौड़ाई कम हो रही है। वहीं बिना नाली बनाए भी रोड बनाई जा रही है। इसी तरह से भाजपा पार्षद श्रीमती वर्षा रमेश बारस्कर ने अधीक्षण यंत्री, मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड एवं पीडब्ल्यूडी ईई को भी पत्र दिया है जिसमें उन्होंने ठेकेदार द्वारा बिजली पोल चिन्हित स्थान पर नहीं लगाए जाने का आरोप लगाया है और नए विद्युत पोल चयनित स्थान पर ही लगाए जाने की मांग की है। इसमें यह भी उल्लेखित है कि रोड निर्माण का कार्य, 5 पुराने आम के पेड़ हटाए बिना ही निर्माण कार्य हो रहा है जिससे भविष्य में आम नागरिकों को आवागमन एवं दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है।

10 की जगह 7 मीटर चौड़ी बनाई जा रही सडक

कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। कुल 2140 मीटर हिस्से में सीसी रोड और 560 मीटर हिस्से में डामरीकृत सडक बनेगी। सडक की चौड़ाई बढऩे से वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा होगी। इटारसी रोड से गाड़ाघाट होते हुए सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसी मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं। टू-लेन बनने से इस सडक से आवागमन आसान एवं सुविधाजनक हो जाएगा। वहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सडक़ के बनने से फायदा होगा। लोग सीधे गंज रेलवे स्टेशन व कोठीबाजार बस स्टैंड पहुंच सकेंगे। बताया जा रहा है कि यहां अब तक डामर सडक है, इसकी जगह पर करीब 7.89 करोड़ की लागत से दो किमी लंबी सीसी सडक बनाई जायेगी। इसमें बीच में कुछ हिस्सा डामर सडक का भी रहेगा।

पांच वार्डों से गुजरती है यह सड़क

शहर इलाके में 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कारगिल चौक से अखाड़ा चौक होते हुए गाड़ाघाट ओल्ड एनएच तक 2.70 किमी की सडक नपा बैतूल के महावीर, चंद्रशेखर, प्रताप, इंदिरा एवं अम्बेडकर वार्डों से गुजरती है। इसके अलावा शहर के उक्त व्यस्ततम मार्ग में लिंक रोड पर बडी संख्या में हॉस्पीटल, मेडीकल स्टोर्स, बडे स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थित है। साथ ही अखाड़ा चौक टिकारी में सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर भी स्थित है। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों का मूवमेंट अधिक होने से अक्सर भारी ट्रैफिक रहता है। इस अतिव्यस्तम सडक निर्माण की मांग लंबे समय से नागरिकों द्वारा की जा रही थी।



बिजली के पोल शिफ्ट नहीं, ड्रेनेज सिस्टम का काम भी अटका

पोल शिफ्ट नहीं से ड्रेनेज सिस्टम पर भी असर पड़ा है। सडक के साथ ड्रेनेज लाइन डालने का काम शुरू होना था, लेकिन पोल बीच में होने से ड्रेनेज का कार्य अटका पडा है। बताया जा रहा है कि सर्वे में करीब 99 बिजली के पोल चिन्हित किए गए थे। लोगों का कहना है कि सडक निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने दूरदर्शिता नहीं दिखाई है। अतिक्रमण हटवाते समय ही बिजली के खंभे शिफ्टिंग की प्लानिंग कर ली होती, तो अब तक शिफ्ट करवाने का काम हो गया होता, लेकिन पोल शिफ्टिंग की शुरुआती कार्रवाई ही अब तक नहीं हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इनका कहना है

सडक़ निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पूर्व में भी इस संबंध में सभी निर्माण कार्यों के लिए एजेंसी और ठेकेदारों को हिदायत दी गई है कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य में कोई भी शिकायत नहीं आनी चाहिए।
हेमंत खंडेलवाल, विधायक बैतूल

इनका कहना है

- सवाल- सडक निर्माण में गुणवत्ता की कमी के आरोप लग रहे हैं?
- जवाब- रोड की गुणवत्ता को लेकर कोई कमी नहीं है। रोड के नीचे खुदाई आवश्यक नहीं, क्योंकि वहाँ रोड के आजू-बाजू के मकानो की ऊंचाई पहले से ही ज्यादा है, इसलिए रोड खोदना आवश्यक नहीं है।
- सवाल- सडक़ की चौडाई में भी समझौते के आरोप लग रहे है?
- जवाब- कांटेक्ट के अनुसार 10 मीटर में रोड बनाना है। इस कांटेक्ट में सिर्फ रोड बनाना है, इसमें नाली शामिल नहीं है, इसीलिए हमे पुरानी नाली को बिना नुकसान पहुंचाए दोनों साइड की नाली के बीच सडक़ बनाना है, इसीलिए कही- कही चौड़ाई 10 मीटर से थोडी कम हो गई है।
- सवाल- सडक के बीच मे पेड़ आ रहे हैं, उन्हें बिना हटाए निर्माण करने के आरोप भी लग रहे हैं?
- जवाब- अभी पेड़ जहां बीच मे आ रहे थे, उनकी कटिंग कर दी है, आगे के निर्माण में यदि पेड़ से दिक्कत होगी, तो नपा से विधिवत अनुमति लेकर काटेंगे।

- **अखिलेश कवडे**, सब इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी विभाग

जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन, कहा- फोन नहीं उठाते सीईओ



आमला। जनपद पंचायत में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) पंकज दारोटिया के कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय मीडिया कर्मियों में नाराजगी है। आरोप है कि सीईओ फोन नहीं उठाते है। मीडिया कर्मियों के अनुसार इससे समाचार संकलन और प्रकाशन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि जनहित से जुड़े मामलों में प्रशासनिक पक्ष सामने आना आवश्यक है, ताकि समाचार संतुलित और तथ्यपरक रूप से प्रकाशित किए जा सकें। स्थानीय मीडिया कर्मियों का कहना है कि आमला क्षेत्र में ग्रामीणों और आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लगातार समाचार प्रकाशित किए जाते हैं। इन समाचारों का उद्देश्य संबंधित समस्याओं को प्रशासन के संज्ञान में लाकर उनका निराकरण कराना होता है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जनपद पंचायत सीईओ द्वारा प्रकाशित समाचारों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता, जिसके कारण कई समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता। मीडिया कर्मियों ने प्रशासन से इन आरोपों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। शिकायत में मांग की गई है कि सीईओ की कार्यप्रणाली की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा जरूरत होने पर आमला में नए सीईओ की पदस्थापना की जाए। मीडिया कर्मियों ने प्रशासन से सात दिवस के भीतर शिकायत पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन तथा जनपद पंचायत कार्यालय में तालाबंदी करने की चेतावनी दी गई है।

मेडिकल स्टोर से खरीद रहे दवाईयां

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में अव्यवस्थाएं



शाहपुर। वायरल फीवर बीमारी के चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था से नाराज मरीजों के द्वारा अपनी समस्या को वीडियो के माध्यम से बताया गया है। गर्भवती महिलाएं अपने शरीर की दवाओं की पूर्ति के लिए मेडिकल स्टोर से आर्थिक रूप से परेशान होकर दवाइयां खरीद रही है और उन्हें बाटल लगवाने के लिए लगभग 2 से 3 घंटे का लंबा इंतजार भी करना पड़ रहा है। आम आदमी जब बड़े-बड़े हॉस्पिटल का खर्चा एवं महंगी-महंगी दवाई खरीद नहीं पाता है, तब वह सरकारी अस्पताल इलाज करने के लिए पहुंचता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा उपलब्ध न होने पर जनता का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से विश्वास उठता जा रहा है। जब इस संबंध में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी शाहपुर से मरीजो ने सवाल किया, तो उन्होंने मरीजों से दो टूक भाषा में एक जवाब दे दिया, कि यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मात्र 30 बेड का है और मरीजों की संख्या बहुत अधिक है। मरीज ने सवाल किया कि 30 बेड के अस्पताल में भी पूरी सुविधा क्यों नहीं है क्योंकि ना तो बाटल लगाने के लिए स्टैंड है और ना ही मरीजों को बैठने के लिए व्यवस्थित बेंच हैं और ना ही बेड पर तकिया चादर कंबल की कमी बनी हुई है कुछ मरीजों का कहना था कि जिस बच्चे का आधार कार्ड अपडेट नहीं है उसके ब्लड की जांच नहीं की जाएगी। इलाज करने से पहले अगर व्यक्ति अपना आधार कार्ड अपडेट कराएगा तो फिर सरकारी अस्पताल इलाज करवाने ही क्यों जाएगा, परंतु मजबूरी में बच्चों के माता-पिता ने वहीं जांच प्राइवेट लेबोरेटरी में जाकर करवाई, तब जाकर उनके बच्चे का इलाज प्रारंभ हुआ शासकीय अस्पताल के डॉक्टर भी बाहर की दवाइयां लिखने लगे हैं, क्योंकि अस्पताल में कुछ दवाइयां उपलब्ध नहीं है। मरीज का मात्र एक ही कहना है कि उन्हें यहां पर पूरी सुविधाएं प्राप्त होनी चाहिए। जिला स्वास्थ अधिकारी मनोज हरमाड़े से इस संबंध में फोन पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मैं अभी एक मीटिंग में व्यस्त हूं मीटिंग समाप्त होते ही आपसे चर्चा करता हूं।

आंगनबाड़ी में सजा पोषण का आंगन संवर रहा बेटियों-माताओं का भविष्य

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के साथ महिलाओं एवं बेटियों को शासन की योजनाओं से जोडऩे का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-4, भौंरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत ह्यआंगन मिलन सेवा कार्यक्रमह्न आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गंगा सज्जन सिंह ऊईके ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बनाया। जनसहयोग से बच्चों को ड्रेस एवं स्कूली बैग भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं की हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही रूपाली वर्मा ने कहा कि योजना बेटियों की पढ़ाई और भविष्य को लेकर परिवार को आर्थिक संबल देती है। वहीं लाड़ली बहना योजना की हितग्राही रुक्मणी पवन यादव ने कहा कि योजना से मिलने वाली राशि परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों में मददगार साबित होती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही रुक्मणी परते ने कहा कि मातृत्व के दौरान मिलने वाली सहायता से परिवार को सहयोग मिला और स्वास्थ्य व पोषण पर ध्यान देने में मदद मिली। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण वाटिका तैयार की गई तथा विभिन्न प्रकार के पोषण आहार एवं खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। उपस्थित लोगों ने पोषण आहार का स्वाद लेकर संतुलित आहार के महत्व की जानकारी प्राप्त की। लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही माताओं को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

विधायक गंगा सज्जन सिंह ऊईके ने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया, सरपंच मीरा धुर्वे, जनपद सदस्य सुधीर नायक, प्रभारी परियोजना अधिकारी स्नेहा यादव, अशोक सिरोठिया, उत्तम वर्मा, जय किशोर मिश्रा, सुनील राठौर, कन्नू राठौर, बबलू राठौर, सुनील धुर्वे, सेक्टर सुपरवाइजर नेहा सावनेर, ज्योति बनवारी, माधुरी घरसर, मनीषा खातरकर, रश्मी वर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निशा उपाध्याय, माधुरी बचले, नीतू बांछोडिया, विजानी सलाम, रक्षा जांगरे एवं देवकी सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अमित हत्याकांड में महिला आरोपी बरी

अधिवक्ता रोशन मगरदे व सत्येन्द्र सिंह बघेल की सशक्त पैरवी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला एवं सत्र न्यायालय बैतूल के प्रधान सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल की अदालत में रानीपुर थाना अंतर्गत अमित उइके हत्याकांड के संवेदनशील प्रकरण में बचाव पक्ष के अधिवक्ता रोशन मगरदे एवं सत्येन्द्रसिंह बघेल की ठोस कानूनी दलीलों और तीखे प्रतिपरीक्षण के चलते एक महिला को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने आरोपी महिला श्यामवती पति धीरू धुर्वे निवासी ग्राम रातामाटी को सभी आरोपों से दोषमुक्त घोषित कर दिया है। अभियोजन का आरोप था कि 5 अगस्त 2025 को ग्राम हर्राढाना में हुए हत्याकांड में आरोपी महिला ने अपचारी बालक को फसल नुकसान के विवाद में हत्या हेतु दुष्प्रेरित किया था। पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 103(1) सपठित 61(2) बीएनएस (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत प्रकरण दर्ज किया था। मामले की पैरवी करते हुए अधिवक्ता रोशन मगरदे और सत्येन्द्रसिंह बघेल ने अभियोजन के 13 गवाहों से गहन सवाल-जवाब किए और अदालत के समक्ष प्रमुख बिंदु साबित किए, जिससे यह साबित हुआ कि घटना के समय महिला मौके या उसके आसपास उपस्थित नहीं थी। पुलिस द्वारा की जा रही मारपीट व प्रताडना का विरोध करने तथा पुलिस अधीक्षक को शिकायत करने की दुर्भावना के चलते पुलिस ने बाद में श्यामवती को झूठा आरोपी बना दिया था। अधिवक्ताद्वय ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायदृष्टान्तों (रामशर्मा चतुर्वेदी बनाम स्टेट ऑफ एमपी) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 23 का हवाला देकर यह तर्क दिया कि केवल सह-अभियुक्त के पुलिस मेमोरेण्डम या निराधार संदेह के आधार पर षड्यंत्र का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। सत्र न्यायालय ने बचाव पक्ष के वकीलों के तर्कों से सहमत होते हुए अभियोजन के आरोपों को खारिज कर दिया और श्यामवती धुर्वे को बाइज्जत बरी करने का फैसला सुनाया।

स्थानीय युवाओं को रोजगार की मांग को लेकर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में बाहरी मजदूरों को प्राथमिकता देने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर मंगलवार को यूथ कांग्रेस ने गेट नंबर-8 पर धरना-प्रदर्शन किया। आमला-सारनी विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मनोज मालवे की मौजूदगी में आमला-सारनी विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत हुडे, सारनी ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गौतम नागले, आमला नगर कांग्रेस अध्यक्ष मनीष नागले और बोरदई ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मोंटी जैन के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मुख्य अभियंता को सौंपे गए पत्र में यूथ कांग्रेस ने सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में डिस्मेंटलिंग कार्य के लिए बाहरी मजदूरों को प्राथमिकता दिए जाने का आरोप लगाया। पत्र में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने, डिस्मेंटलिंग कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन कराने, दुर्घटना की स्थिति में घायलों को तत्काल नजदीकी शासकीय अस्पताल पहुंचाने तथा बाहरी राज्यों से आने वाले मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने की मांग की गई है। कांग्रेस नेता मनोज मालवे और भूषण कांति ने कहा कि सारनी क्षेत्र में बेरोजगारी गंभीर समस्या है। उनका आरोप है कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं, जबकि बाहर से मजदूर बुलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। पंचू खान और प्रदीप कोकाटे ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर वॉटर कैनन के इस्तेमाल और बल प्रयोग का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्थापित होने वाले औद्योगिक प्रोजेक्टों में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलना चाहिए। वहीं विक्की सिंह और हेमंत धोटे ने कहा कि युवाओं और आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस आगे भी आवाज उठाती रहेगी।

कनिष्ठ वर्ग में द्वितीय और वरिष्ठ वर्ग में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान

'भारत को जानो' प्रतियोगिता में मुलताई का गौरवपूर्ण प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

भारत विकास परिषद्, मध्यभारत दक्षिण प्रांत द्वारा नर्मदापुरम में आयोजित प्रांतीय ह्यभारत को जानोह्न प्रतियोगिता-2026 में माँ ताप्ती शाखा, मुलताई की दोनों वर्गों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नगर का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में प्रांत की कुल 9 टीमों ने सहभागिता की। इसमें मुलताई की कनिष्ठ वर्ग की टीम ने द्वितीय स्थान, जबकि वरिष्ठ वर्ग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ह्यभारत को जानोह्न प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी आधारित रही, जिसमें कुल पांच राउंड आयोजित किए गए। विभिन्न राउंड में विद्यार्थियों से भारतीय इतिहास, संस्कृति, परंपराओं, सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे गए। मुलताई की दोनों टीमों के विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और उत्कृष्ट ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए



उल्लेखनीय सफलता हासिल की। कनिष्ठ वर्ग में दातोरा की टीम ने हासिल किया दूसरा स्थान कनिष्ठ वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम एस.एस. कॉन्वेंट स्कूल, दातोरा, तहसील मुलताई की रही। टीम में कक्षा 8वीं की डॉली उकण्डे, पिता रमेश कुमार उकण्डे तथा कक्षा 8वीं की वंशिका मोहबे, पिता राजेश मोहबे शामिल रहीं। वरिष्ठ वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम कोरोला पब्लिक स्कूल, मुलताई की रही। टीम में कक्षा 10वीं के कौतुक तिरुलकर, पिता दिलीप तिरुलकर तथा कक्षा 10वीं के जयेश भार्गव, पिता अमित भार्गव शामिल रहे।

विजेता विद्यार्थियों और शाखा पदाधिकारियों का सम्मान: दोनों सफल टीमों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुर्गादत्त शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माँ ताप्ती शाखा, मुलताई के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रांत संस्कार संयोजक अभिषेक खंडेलवाल, शाखा अध्यक्ष प्रशांत भार्गव, कोषाध्यक्ष संदीप भार्गव, गजानन कावडक़र, राजेश्वर बुवाडे एवं मनोज उइके उपस्थित रहे। सभी को विद्यार्थियों की सफलता में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति बढ़ता है जुड़ाव

शाखा पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ह्यभारत को जानोह्न प्रतियोगिता विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराने के साथ ही उनमें देश के प्रति ज्ञान, गौरव और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है मुलताई की दोनों टीमों की सफलता से विद्यार्थियों, अभिभावकों, विद्यालय परिवारों एवं नगरवासियों में हर्ष का वातावरण है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, विद्यालय परिवार एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएं दी गईं।

खबर संक्षेप

बीटिया ने सतना जिले में नाम रोशन किया



पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनवारी के निवासी सचिव विजय पटेल की बेटी दीक्षा पटेल ने आत्मरक्षा करने के लिए ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लिया था। जो विगत दिनों राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेकर विजय हासिल करने के बाद लौटी थी। लेकिन अभी रीवा सतना में भी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें उत्क्रष्ट प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना नाम सुनिश्चित किया गया है। अब दीक्षा पटेल राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर पिपरिया विधानसभा क्षेत्र एवं बनवारी गांव का नाम रोशन करेंगी। सतना में मध्यप्रदेश गौरवान्वित किया है।इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों शुभचिंतकों ने बधाई आशीर्वाद शुभकामनाएं दी गई है।

दशहरा महोत्सव समिति की बैठक आज

सोहागपुर। सोहागपुर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव होगा। आयोजन के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज शाम छह बजे से स्थानीय बाबड़ी वाले मंदिर में किया जा रहा है। मधुर मिलन दशहरा महोत्सव समिति वर्ष 2025 के अध्यक्ष देवांशु बीके शर्मा ने बताया कि बैठक में समिति के पूर्व अध्यक्ष, गणमान्यजन एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में इस वर्ष के दशहरा आयोजन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श सहित समिति के नवीन अध्यक्ष के चयन पर चर्चा होगी।

सीहोर ग्रीन ने सीहोर बाइज को 2-1 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार की शाम को रोमांचक मैच में सीहोर ग्रीन ने सीहोर बाइज को 2-1 से हराया। इस मैच में सीहोर ग्रीन की ओर से राज ने लगातार 2 गोल किए। मैच के अंत में एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रविवार की शाम को सीहोर ग्रीन और सीहोर बाइज के मध्य रोमांचक मैच खेला गया था।

5 माह से नहीं मिली राशि, फिर भी अपने खर्च पर भोजन करा रहीं प्रधान पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत पिपरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिसुआ स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय इन दिनों प्रशासनिक उपेक्षा और अव्यवस्थाओं के दौर से गुजर रहा है। स्कूल में शासन स्तर से पिछले 5 महीनों से मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसके बावजूद, विद्यालय की प्रधान पाठक पूर्णिमा दुबे बच्चों के भविष्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए अपने स्वयं के खर्च पर योजना का संचालन कर रही हैं। वे स्व-सहायता समूह, अध्यक्ष, सचिव और रसोइयों का भुगतान भी खुद ही वहन कर रही हैं।



राशन दुकान से अनाज बंद, फिर भी जल रहा चूल्हा

विद्यालय परिसर में ही उचित मूल्य की राशन दुकान संचालित है, लेकिन राशि का भुगतान न होने के कारण संचालक ने अनाज देने से मना कर दिया है। इसके बावजूद प्रधान पाठक की पहल से रोजाना स्कूल के किचन में चूल्हा जल रहा है और बच्चों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्तः असामाजिक तत्वों और चोरों का कब्जा



स्कूल परिसर में सुरक्षा के कोई इंतजाम न होने से असामाजिक तत्वों और चोरों का बोलबाला है। कुछ समय पूर्व राशन दुकान से बच्चों का अनाज चोरी हो गया था। इसके अलावा शौचालय निर्माण के बाद चोर पानी की टंकी और अन्य सामग्री चोरी कर ले गए। बच्चों के लिए तैयार किए गए डायनिंग टेबल रूम को शराबियों ने पूरी तरह नष्ट-भ्रष्ट कर दिया है, जहां अब शराब की खाली बोतलें बिखरी पड़ी मिलती हैं।

खास बातें

- बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव
- 35 छात्र-छात्राओं और 2 अतिथि शिक्षकों वाले इस विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है
- पेयजल संकट : विद्यालय में लगा नल कूप (हैंडपंप) दूषित पानी उगल रहा है, जो पीने योग्य नहीं है।
- बिजली नहीं : स्कूल में न तो बिजली का कनेक्शन है और न ही पंखे, जिससे भीषण गर्मी में बच्चों को बैठना पड़ता है।

समस्या पूरे जिले में है, वरिष्ठ को अवगत कराया है

लंबे समय से मध्याह्न भोजन की राशि जमा न होने से यह समस्या सिर्फ एक स्कूल की नहीं, बल्कि पूरे जिले में बढ़ती जा रही है। व्यवस्था में सुधार और बजट जारी कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नियमानुसार लिखित में अवगत कराया गया है।

प्रदीप शर्मा, बीआरसी, विकासखंड स्रोत समन्वयक

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया सोहागपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

भरोसा : रेलवे पुल के नीचे का रास्ता होगा पक्का, लगेंगे डिजिटल कोच लोकेटर

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सोमवार को शहर के रेलवे स्टेशन पहुंचकर निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नागरिक संघर्ष समिति के आग्रह पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सोमवार को शहर के रेलवे स्टेशन पहुंचकर निरीक्षण किया है। सांसद ने स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्री सुविधाओं, लंबित कार्यों और नागरिकों की प्रमुख समस्याओं की जानकारी ली। सांसद चौधरी अमरकंटक एक्सप्रेस से सोहागपुर रेलवे स्टेशन उतरे थे। निरीक्षण दौरान सांसद ने कई मुद्दों पर मौके से ही अधिकारियों को निर्देश दिए तथा डीआरएम से तत्काल फोन पर चर्चाकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए हैं। नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर सांसद ने रेलवे पुल के नीचे कच्चे रास्ते को पक्का कराने का विषय डीआरएम के समक्ष रखा। सांसद ने डीआरएम से कहा कि रास्ते को रेलवे द्वारा पक्का कराया जाए अथवा नगर परिषद के माध्यम से इसका समाधान किया जाए। इस पर डीआरएम ने आश्वासन दिया कि रेल विभाग द्वारा ही उक्त रास्ते को पक्का कराया जाएगा।



इन मांगों पर जल्द राहत

- नागरिक संघर्ष समिति संयोजक शिव कुमार पटेल ने बताया कि सांसद ने दोनों प्लेटफॉर्म ऊंचे करने व यात्रियों सुविधा के लिए डिजिटल कोच लोकेटर एवं डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश रेल अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों को ट्रेन में कोच स्थिति जानने में परेशानी ना हो। उन्होंने इस संबंध में तत्काल पत्र भेजकर कार्रवाई कराने की बात कही।
- पटरी के दो ओर स्थित तिलक वार्ड एवं रामप्रसाद वार्ड के मार्ग रेलवे ने बंद किए हैं। यह बात जनता ने सांसद को कही। जनसुविधा के लिए मार्ग की मांग पर सांसद ने अधिकारियों को राउंड गेट दोनों ओर लगाने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रों में जन आवागमन सुचारु हो सके।
- - सांसद ने प्लेटफॉर्म क्रमांक दो को ऊंचा करने के स्वीकृत कार्य की जानकारी अधिकारियों से ली व कार्य होने की समय सीमा पूछी। उन्होंने स्वीकृत कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने और यात्रियों को शीघ्र सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।
- - रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए दोनों प्लेटफॉर्मों के बीच स्वीकृत फुट ओवरब्रिज में लिफ्ट सुविधा प्रस्तावित है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में सुविधा मिलेगी।

नाराज हुए सांसद

स्टेशन परिसर की सफाई व्यवस्था को लेकर सांसद ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थल पर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इन विषयों पर पहल की अपेक्षा

- इटारसी-मदन महल तक 51673/51674 ट्रेन बावत सांसद ने बताया कि यह ट्रेन शीघ्र प्रारंभ होगी। नागरिक संघर्ष समिति द्वारा इस ट्रेन के संचालन की मांग लगातार उठाई जा रही है।
- रेलवे परिसर में राम रहीम रोटी बैंक द्वारा बेघरों को भोजन कराने पर आरपीएफ चौकी प्रभारी बब्बन लाल ने सांसद को समस्या बताई कि प्लेटफॉर्म पर गंदगी होती है। कुछ बाहरी लोगों द्वारा निशुल्क भोजन के लिए स्टेशन पर स्थायी ठिकाना बनाने से जनसुरक्षा पर खतरा है। सांसद ने सेवा कार्य को ध्यान में रख अन्यत्र स्थान तलाशने के निर्देश दिए।
- नागरिक संघर्ष समिति ने सोहागपुर में जरूरी ट्रेनों के स्टॉपेज व सोहागपुर को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की मांग सांसद से की। सांसद ने कहा कि दोनों मांगों के लिए रेल मंत्री एवं मंत्रालय स्तर पर प्रयास जारी हैं।

किश्त को लेकर की लोन लेने वाले से गालीगलौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एक बैंक द्वारा लिए गए लोन की किश्त समय पर न चुकाने पर वसूली कर्मियों द्वारा प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। मामले में लोन लेने वाले व्यक्ति ने वसूली करने वाले द्वारा प्रताड़ित करने की शिकायत पुलिस में की है।

एएसआई गणेश राय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार फरियादी प्रदीप कुशवाहा पिता रमेश कुशवाहा निवासी लखनपुर ने गत दिवस सोहागपुर थाने में इस आशय की प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह प्राथमिकी हर्ष झिझोतिया एवं शुभम गुर्जर दोनों निवासी पिपरिया के खिलाफ दर्ज कराई गई है। जिसके अनुसार फरियादी कृषि मशीनरी एवं ऑनलाइन की दुकान सेमरी हरचंद में संचालित करता है। फरियादी के पिता रमेश कुशवाहा ने एक बैंक से पर्सनल लोन लिया था। जिसकी ईएमआई प्रतिमाह पांच तारीख को भरना रहता है। इस माह ईएमआई समय पर नहीं भर पाए तो सोमवार को बैंक के कर्मचारी हर्ष झिझोतिया एवं शुभम गुर्जर पैसे लेने घर आए थे। उन्होंने फरियादी के पिता से पैसे मांगे तो उन्होंने कहा कि लड़का दुकान पर है और वह दे देगा। इस बात पर हर्ष और शुभम ने पिता को गाली दी। फिर दोनों प्रदीप की दुकान पर आए और गालियां देकर ईएमआई के पैसे समय पर जमा करने को कहा। प्रदीप ने कहा कि गाली मत दो, पैसे जमा कर दूंगा। इसी बात को लेकर प्रदीप के साथ मारपीट की गई। रिपोर्ट पर हर्ष झिझोतिया एवं शुभम गुर्जर पर मारपीट एवं अन्य धाराओं का प्रकरण दर्ज किया गया है।

पर्वतारोहण में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी राखी सराठे



सोहागपुर। पर्वतारोहण व रॉक क्लाइम्बिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली सोहागपुर की बेटी राखी सराठे गत दिनों नगर लौटी। होनहार राखी सहित उनकी मां रंजना एवं पिता वसंत सराठे का सेन समाज द्वारा सोमवार शाम गृहभेंट कर सम्मान किया गया है। इस अवसर पर अवधेश सराठे, अजय सराठे, रूपेश सराठे, वीरू सराठे, देव सराठे, ब्रिजेश सराठे एवं राष्ट्रीय नाई महासभा प्रदेश महासचिव रामबाबू सराठे सहित अन्य समाजजन एवं युवा उपस्थित रहे। समाज जनों ने राखी सराठे का गर्मजोशी से स्वागत किया। तथा उन्हें श्रीराम की प्रतिमा एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने राखी को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राखी सराठे की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे समाज में हर्ष का माहौल है।

शासकीय महाविद्यालय माखननगर में जिला स्तरीय शतरंज पुरुष प्रतियोगिता हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला अग्रणी गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय नर्मदा पुरम के द्वारा आवंटित 2026-27 की खेल विधाओं के तहत शासकीय महाविद्यालय माखननगर को जिला स्तरीय शतरंज पुरुष प्रतियोगिता आयोजित करने का दायित्व मिला था। महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में देवी सिंह जी राजपूत माखन नगर व महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शतरंज पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयो जेसै पीएम




महाविद्यालय नर्मदा पुरम, शासकीय महाविद्यालय बनखेड़ी, माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर,पीएम महाविद्यालय हरदा,जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर , शासकीय भगत सिंह महाविद्यालय पिपरिया सहित शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा के शतरंज खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन दिखाया। पांच राउंड के दौरान प्रतियोगिता में श्रेष्ठ पांच खिलाड़ियों का चयन उनकी रैंकिंग के आधार पर हुआ। चयनित छात्र इस प्रकार है प्रथम अभय बैरागी अशासकीय महाविद्यालय सोहागपुर, दूसरे स्थान पर शशांक नागा पीएम कालेज नर्मदापुरम ,तृतीय अनुभव तिवारी रहे।

शराब के नशे में तोड़ा कार का कांच, नहीं हुई कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

गत रविवार रात्रि में प्रमोद अहिरवार पिता मन्नु अहिरवार द्वारा शराब के नशे में जैन मंदिर के पास खड़ी एक्सयूवी गाड़ी के सामने का कांच तोड़ दिया। प्रतिष्ठान जैन आयुर्वेदिक उद्योग के सीसीटीवी कैमरे में प्रमोद गाड़ी का कांच तोड़ नजर आया। साथ में उसे प्रतिष्ठान के कर्मचारी ने उसे रोका तो वह पत्थर लेकर उन्हें मारने दौड़ गया। इस बात की सूचना शैलेश जैन द्वारा प्रमोद के परिजनों को दी गई। जिसे परिजनों द्वारा साफ नकार दिया गया। शैलेश जैन ने पचमढ़ी थाने में लिखित आवेदन देकर नुकसान की भरपाई एवं संबंधित पर कार्रवाई करने की शिकायत की जिसके आधार पर पुलिस ने प्रमोद को थाने में कुछ देर बैठाकर छोड़ दिया।



लोगों द्वारा बताया गया कि कुछ दिनों पहले भी सत्येंद्र गुप्ता की इनोवा गाड़ी का कांच भी प्रमोद ने तोड़ा था। उसकी पुष्टि भी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से हुए थी। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि प्रमोद या तो मानसिक रोगी है या शराब के नशे में गाड़ियों के कांच तोड़ रहा है। यदि पुलिस इस पर उचित नहीं करती है तो भविष्य में वह बच्चों ओर बुजुर्गों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। कोई बड़ी घटना दुर्घटना हो उसके पहले थाना प्रभारी पचमढ़ी को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में आगामी पर्यटन सत्र को लेकर मढ़ई में बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

1 अक्टूबर 2026 से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र में मानसून सत्र उपरांत पुनः पर्यटन गतिविधियां प्रारंभ होंगी। जिसकी तैयारी की समीक्षा तथा होटल व रिसोर्ट्स की व्यवस्था को लेकर गत दिवस एक बैठक रिसोर्ट तथा होटल संचालकों के साथ की गई है।

बैठक में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक राखी नंदा की उपस्थिति में समस्त होटल संचालकों, प्रबंधकों एवं नेचुरलिस्टों के साथ चर्चा की गई। बैठक में एक अक्टूबर 2026 से प्रारंभ होने वाले पर्यटन सत्र के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पर्यटकों को बेहतर, सुरक्षित एवं प्रकृति-अनुकूल पर्यटन अनुभव प्रदान



करने, पर्यटन व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने तथा संबंधित हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही होटल संचालकों, प्रबंधकों एवं नेचुरलिस्टों से आगामी पर्यटन सत्र को और बेहतर बनाने हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए। साथ ही बैठक में प्राप्त सुझावों पर सकारात्मक चर्चा की गई। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन पर्यटकों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें बेहतर, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित पर्यटन सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा। प्रकृति संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन के बीच संतुलन स्थापित करते हुए पर्यटकों को सतपुड़ा की समृद्ध जैव विविधता से जोड़ना पार्क प्रबंधन की प्राथमिकता रहेगी।

पर्यवेक्षक की उपस्थिति में हुआ आंगनबाड़ी में मिठाई का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

आंगनबाड़ी केंद्र 6 पचमढ़ी में सेवा संकल्प अभियान आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों की माता को आहार संबंधित समझाइए दी गई। पर्यवेक्षक नर्मदापुरम की मौजूदगी में आंगनबाडी में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री संजय महोरिया, रेखा महोरिया, मीनावर्मा, सुमित्रा, रागनी, नीलम टेकाम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी बच्चों को मिठाई वितरण की गई। नर्मदापुरम शक्ति केन्द्र प्रभारी चन्द्र कान्त अग्रवाल ने सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया।

वाटिका गार्डन में आयोजित भागवत कथा में बोले पं. अविनाश मिश्रा

सत्संग की शक्ति मनुष्य का जीवन बदल देती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय वाटिका गार्डन में महर्षि याज्ञवल्क सनातन कल्याण समिति द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं पितृ समर्पित सामूहिक मूल पाठ में मंगलवार को कथावाचक आचार्य अविनाश मिश्रा ने मनुष्य जीवन में जाने अनजाने होने वाले पापकर्मों पर कथा सुनाई।

उन्होंने कहा कि अंजाने में प्रतिदिन कई पाप होते हैं। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया।

उन्होंने सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह त्यागकर विवेकपूर्ण कर्म करने चाहिए। व्यासपीठाधीश्वर



ने कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, कपिल अवतार, जय विजय श्राप, हिरण्यकश्यप जन्म आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है।

इस दौरान समाजसेवी बालपुरी गोस्वामी, भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया, पूर्व नप अध्यक्ष शीतल खंडेलवाल, शिवकुमार पटेल, जिला सेवा प्रमुख विहिप नितिन मैसकर, राहुल मालवीय, निर्मला मालवीय, साहबसिंह पटेल पांजरा, लालसाब पटेल बैगनिया, अर्चना खंडेलवाल, अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष अखिलेश मालवीय, रितेंद्र राजपूत, जलज शर्मा आदि उपस्थित रहे। कथा के दौरान सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कथा के बाद आरती की गई एवं भक्तों और श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

धूपगढ़ क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया, की गई सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

रविवार को धूपगढ़ के सुलभ शौचालय की साफ सफाई के संबंध में खबर प्रकाशित की गई थी। जिसे गंभीरता एवं संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग द्वारा साफ सफाई कराई गई साथ ही सुलभ शौचालय में टूटे हुए नल बदले गए एवं पानी की समस्या का भी समाधान किया गया। अधिकारी द्वारा बताया गया कि सफाई कर्मचारी के अभाव में यह समस्या हुई है। धूपगढ़ में शौचालय की साफ सफाई के लिए कर्मचारी नहीं मिल रहे इसके बाबजूद हर दो तीन दिनों में सफाई कराई जाती रही है। अब विभाग साफ सफाई के लिए परमानेंट व्यवस्था कर जल्द ही समस्या का समाधान कर रहा है।

खबर संक्षेप

रक्तदान शिविर का आयोजन किया



झिरन्या। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, शासकीय कर्मियों और आम नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर 85 यूनिट रक्तदान किया। इनमें दो दंपतियों मनोज जायसवाल और तरुण जायसवाल ने अपनी पत्नियों सहित रक्तदान किया।

मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरुद्ध 6 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने 26 सितंबर को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा के लोकेश एवरफ्रेश व खेड़ीपुरा तथा सिराली के ग्राम बिचपुरी, रिछाड़िया, घोड़ापाट, जामन्याखुर्द, सावरी, जूनापानी, केवलारी व खुदिया में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 13 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 11 पाव देशी मदिरा प्लेन, एक बोतल व्हिस्की एवं 370 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त माल का अनुमानित बाजार मूल्य 41139 रुपए है।

महिलाओं को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को वार्ड क्रमांक 10 के रानी मोहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं और नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष हर्ष ताम्रकार रहे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ता का सम्मान किया गया। अतिथियों ने महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर इनकी भूमिका समाज के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री संजय मिश्रा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता राठौर, प्रीति राठौर, ज्योति राठौर, शबाना, सहायिका मीना, लक्ष्मी कैथवास, पुष्पा सोनी, पूनम रजक एवं आशा कार्यकर्ता लता मालवीय सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

प्राइवेट पीजी परीक्षा देने वाले छात्रों को 15 दिन कॉलेज जाना होगा

सीहोर। दिसंबर के पहले सप्ताह से शुरू होने वाली पीजी परीक्षाओं में जो छात्र प्राइवेट एग्जाम देंगे, उनके लिए नए नियम लागू किए गए हैं। इन छात्रों को किसी भी कॉलेज से प्राइवेट फॉर्म भरने के बाद एग्जाम के अंतिम माह में 15 दिन संबंधित संस्थान में प्रैक्टिकल क्लास अटैंड करनी होगी। यानी प्रैक्टिकल देने होंगे और इसी अवधि में टेस्ट भी देना होंगे। इन छात्रों के लिए भी 60-40 की एग्जाम स्कीम लागू होगी। 60 अंकों के थ्योरी तथा 40 अंकों के इंटरनल होंगे। बताते हैं कि जिले में हर साल करीब तीन हजार छात्र प्राइवेट परीक्षा देते हैं। सीहोर जिले में 14 सरकारी और 23 प्राइवेट कॉलेज हैं। इनमें एमए, एमकॉम, एमएससी और एमएसडब्ल्यू में मिलाकर करीब 15 हजार नियमित, प्राइवेट छात्र परीक्षा देते हैं। नई शिक्षा नीति के तहत हुए बदलाव के बाद अब एग्जाम स्कीम सभी के लिए एक जैसी रहेगी। प्राइवेट छात्रों को इस बार उस कॉलेज में प्रैक्टिकल देना होंगे, जहां से वे एग्जाम फॉर्म जमा करेंगे। बता दें कि नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा विभाग ने जो भी बदलाव किए हैं, वे सभी छात्र हित में और व्यावहारिक हैं। इसका फायदा उन छात्रों को भी मिल रहा है, जो नियमित क्लास अटेंड नहीं कर सकते। वे अब प्राइवेट छात्र के तौर पर अपनी पढ़ाई ज्यादा आसानी से पूरी कर पाएंगे।

कालिदास की साहित्यिक विरासत से रूबरू हुए विद्यार्थी

महाकवि कालिदास समारोह में बाल कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



महाकवि कालिदास की अमूल्य साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत से विद्यार्थियों को परिचित कराने तथा उनमें संस्कृत भाषा एवं भारतीय संस्कृति के प्रति अनुराग जागृत करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय महाकवि कालिदास समारोह का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में किया गया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाकवि कालिदास के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं साहित्य को केंद्र में रखते हुए श्लोकपाठ, चित्रांकन एवं नृत्यनाटिका सहित विभिन्न विधाओं की प्रस्तुतियां दी गईं। बाल कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कालिदास के कालजयी साहित्य और भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने अतिथियों, शिक्षकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्याशाला हरदा, शासकीय हाईस्कूल बिछौला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनतलाई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महात्मा गांधी, शासकीय सांदीपनि विद्यालय अबगांवकला तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका मिलिंद सूबेदार, महेश शुक्ला एवं वीणा चौबे ने निभाई। उन्होंने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करने के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें संस्कृत साहित्य एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के प्राचार्य संतोष कुमार यादव ने की। उन्होंने महाकवि कालिदास के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृत साहित्य की समृद्ध विरासत से जुड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की कार्यक्रम प्रभारी एवं संस्कृत भाषा शिक्षिका हेमलता अग्रवाल ने किया। उन्होंने समारोह के उद्देश्य एवं महाकवि कालिदास के साहित्य के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शिक्षिका प्रियंका सोनी भी उपस्थित रहीं। अंत में ओमप्रकाश लोखंडे ने अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में चयनित प्रतिभागी अब 8 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय महाकवि कालिदास समारोह में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन से विद्यार्थियों में संस्कृत एवं भारतीय साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ 'संस्कृत से संस्कृति और संस्कृति से संस्कार' की भावना को भी बल मिला।

छात्र पर उसकी मंशा के खिलाफ जबरन मैथ्स-साइंस विषय थोपने का आरोप

स्कूल प्रबंधन बोला तय प्रक्रिया के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर के सेंट मैरी स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र पर उसकी मंशा के खिलाफ जबरन मैथ्स-साइंस विषय थोपने का मामला सामने आया है। एबीवीपी के नगर मंत्री निकुंज शर्मा का आरोप है कि छात्र अपनी स्वेच्छा से कॉमर्स विषय लेकर आगे की पढ़ाई करना चाहता है, लेकिन स्कूल प्रबंधन उस पर लगातार मैथ्स- साइंस पढ़ने के लिए मानसिक दबाव बना रहा है। इस रवैये के खिलाफ सोमवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्कूल का घेराव कर प्रदर्शन किया व कार्रवाई की मांग की।

एबीवीपी के शुभम ढोके ने स्कूल की कार्यप्रणाली को छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन और तानाशाही करार दिया है। नियमों के तहत किसी भी विद्यार्थी को उसकी इच्छा के विपरीत विषय चुनने के लिए मजबूर करना पूरी तरह गैर-कानूनी है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि स्कूल प्रबंधन ने छात्र की मांग के अनुसार उसका विषय तत्काल कॉमर्स में परिवर्तित नहीं किया तो संगठन डीईओ से लिखित शिकायत दर्ज कराएगा। स्कूल प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगा। इस दौरान जिला संयोजक लीशिका, डॉली, आशीष, आर्यन, सरिता, विशाल, शुभम ढोके, प्रद्युम्न, जतिन, विकास, सौम्य, धनंजय, अभिषेक, मयंक, नवीन, अभिषेक, सक्षम, ऋषभ, आदित्य समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। छात्र ने उन्हें बताया कि उसने पहले भी कई बार स्कूल प्रबंधन को आवेदन देकर कॉमर्स विषय करने की मांग की, लेकिन हर बार उसे ऑफिस के बाहर से ही लौटा दिया। काउंटर पर मौजूद स्टाफ ने उसकी बात सुनने के बजाय उसे स्पष्ट रूप से धमकी दी। कर्मचारियों ने कहा कि तुम्हारा विषय किसी भी हाल में नहीं बदलेगा। अगर इस स्कूल में पढ़ाई करनी है तो यही विषय पढ़ना पड़ेगा, वरना बची हुई पूरी फीस भरो। टीसी लेकर किसी दूसरे स्कूल चले जाओ।

स्कूल के पीआरओ संतोष अहिरवार ने बताया कि कक्षा 11वीं के मैथ्स-साइंस विषय के छात्र का विषय बदलने का मामला है। छात्र के पालक को आवेदन देना होगा। इसके बाद तय प्रक्रिया के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया

267 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन



हरदा। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को जिले के परियोजना हरदा अंतर्गत हरदा शहरी, हरदा ग्रामीण-1 व 2 में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। परियोजना हरदा शहरी के आंगनबाड़ी केंद्र वृंदावन नगर में कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों का उपस्थित अतिथियों ने स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने छोटी छोटी कन्याओं का कन्या पूजन किया। कार्यक्रम में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और ऊषा कार्यकर्ता व मातृ सहयोगिनी समिति की अध्यक्ष को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों को गतिविधियाँ कराई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र पर आम और जामुन का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी 6 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा बच्चों को फल एवं मिठाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य राजेश वर्मा, राजू कमेडिया, योग माया शर्मा, प्रीति गहलोत, महिमा बिश्नोई, राजेश गोदारा, राजेश चौरसिया एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा, परियोजना अधिकारी अनुराग दुबे सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी व हितग्राही उपस्थित थे। इसी प्रकार परियोजना ग्रामीण-1 के आंगनवाड़ी केन्द्र कमताड़ा-1 में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत सहित ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मीबाई इवने सहित अन्य अतिथि की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इंटर जनरेशनल बॉन्डिंग एक्टिविटीज से जुड़े युवा पीढ़ी व वरिष्ठजन, एक-दूसरे के अनुभव साझा किए

वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के साथ साझा किए ज्ञान, कला और कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वरिष्ठजनों और युवा पीढ़ी के बीच संवाद एवं आपसी जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर इंटर जनरेशनल बॉन्डिंग एक्टिविटीज आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कार्यक्रम के दूसरे चरण के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्थानीय वृद्धाश्रम पहुंचकर वरिष्ठजनों के साथ विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं वरिष्ठजनों के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान, कला एवं कौशल साझा करने सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने फलों की सहायता से फ्रूट चार्ट तैयार कर वरिष्ठजनों को इसके माध्यम से रचनात्मक एवं स्वास्थ्यवर्धक जानकारी देने का प्रयास किया। वहीं वरिष्ठजनों ने भी अपने अनुभव, जीवन से जुड़ी सीख एवं ज्ञान विद्यार्थियों के साथ साझा किया।

इस अवसर पर उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि भारत सरकार की इस पहल का उद्देश्य विभिन्न पीढ़ियों के बीच संवाद को मजबूत करना तथा युवा एवं वरिष्ठजनों को एक-दूसरे के अनुभवों और विचारों से जोड़ना है। विभाग द्वारा चरणबद्ध रूप से ऐसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवा पीढ़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रही है। इन गतिविधियों के माध्यम से जेनरेशन गैप को कम करने, वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने तथा युवाओं में सामाजिक संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम संचालक समिति के पदाधिकारी, कर्मचारीगण तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने वरिष्ठजनों के साथ आत्मीयता से समय बिताया और कार्यक्रम को अनुभवों के आदान-प्रदान का सुखद अवसर बताया।

अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की विभिन्न समस्याएं



हरदा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव, अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान एवं पुरूषोत्तम कुमार ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम खुमी निवासी सुमन गवलान ने आवेदन देकर आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर जनपद पंचायत सीईओ को आवेदिका की पात्रता अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। हरदा की जय शक्ति होम कॉलोनी के रहवासियों ने पाईप लाइन कार्य के बाद गड्ढो को न भरने के संबंध में तथा हरदा की शिव शक्ति कॉलोनी के रहवासियों ने मूलभूत सुविधाएं प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को रहवासियों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम अबगांवखुर्द निवासी दीपक करोड़े ने समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की, जिस पर उप संचालक कृषि को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

भगवान लव-कुश जन्मोत्सव पर कुशवाह समाज ने निकाला चल समारोह

भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश के जीवन से हमें धर्म, संस्कार साहस और कर्तव्य का संदेश मिलता है : नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सोमवार को कुशवाह समाज के आराध्य देव भगवान लव-कुश जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कुशवाह समाज द्वारा भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर से चल समारोह निकाला गया। चल समारोह सुबह 11 बजे शुरू हुआ जो इंग्लिशपुरा, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, मेन रोड, लीसा टॉकीज, तहसील चौराहा होते हुए दुर्गा मंदिर पर पहुंचा और सुंदर गार्डन में भगवान लव-कुश की पूजा-अर्चना के साथ समापन हुआ।

कनिष्ठ सौंदर्य प्रशिक्षक प्रशिक्षण का लिया जायजा, प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया

केंद्रीय मंत्री चौहान ने किया निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मामा कोचिंग सेंटर में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीहोर द्वारा संचालित कनिष्ठ सौंदर्य प्रशिक्षक के निःशुल्क बाह्य केंद्र कौशल प्रशिक्षण का केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया और प्रशिक्षण में सीखे जा रहे कौशल, उससे मिलने वाले लाभ तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद रोजगार एवं स्वरोजगार को लेकर उनकी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से प्राप्त कर अपने कौशल का उपयोग आत्मनिर्भर बनने के लिए करने के लिए प्रेरित किया।\ चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोडऩे में कौशल प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को आश्वस्त किया कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद भी संबंधित विभागों के माध्यम से उनका निरंतर संपर्क एवं प्रगति की जानकारी ली जाएगी। स्वयं का रोजगार शुरू करने के इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों को ऋण की आवश्यकता होने पर आवश्यक प्रक्रिया में सहयोग दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं रोजगार की तलाश कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसरों से जोडऩे के लिए भी विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भेरूंदा में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीहोर के माध्यम से संचालित यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके ही क्षेत्र में रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वर्तमान प्रशिक्षण समूह के बाद भी आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप भेरूंदा में अन्य रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ सकें।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भेरूंदा मारुति शिशिर सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि एवं नेतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीहोर के निदेशक अमित गुप्ता, प्रशिक्षक विवेक दिलवरिया, प्रशिक्षक धर्मेंद्र सवासिया, संस्थान की पूरी टीम तथा आजीविका मिशन से शशांक शर्मा, जिला मिशन प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, हरिनारायण मालवीय एवं रीता अहिरवार सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। मामा कोचिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों में उत्साह देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री चौहान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वरोजगार संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी लेने से उन्हें अपने कौशल को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहन मिला।